**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1254**

**मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन योजना**

**1254. डॉ. बच्छाव शोभा दिनेशः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र में औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन योजना (आईआईयूएस) के अंतर्गत किए गए कार्यों की प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तथा क्लस्टर/जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) इसके लिए आवंटित, संस्वीकृत, जारी तथा उपयोग की गई धनराशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है
(ग) क्या सरकार को मालेगांव में पावर-लूम क्लस्टर की स्थापना के संबंध में कोई अन्य प्रस्ताव प्राप्त हुआ था;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार ने आईआईयूएस योजना अथवा किसी अन्य योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र के मालेगांव में पावर-लूम क्लस्टर विकसित करने के लिए कोई कार्रवाई शुरू की है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) और (ख):** औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन स्कीम (आईआईयूएस) वर्ष 2003 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य ऐसे चुनिंदा कार्यात्मक क्लस्टरों/स्थलों में सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना उपलब्ध कराकर घरेलू उद्योग की औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है, जिनमें वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनने की क्षमता है। कार्यान्वयन प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वतंत्र मूल्यांकन के आधार पर फरवरी, 2009 में इस स्कीम को नया रूप प्रदान किया गया था। आईआईयूएस का संशोधित रूप, यथा 'संशोधित अवसंरचना उन्नयन स्कीम (एमआईआईयूएस)' जुलाई, 2013 में अधिसूचित किया गया था। इस स्कीम को नई परियोजनाओं के लिए दिनांक 31.03.2017 से बंद कर दिया गया है।

इस स्कीम के तहत, महाराष्ट्र राज्य के 05 जिलों में कुल 05 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया था; सभी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इन परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**(ग) और (घ):** जी, नहीं।

**(ङ) और (च) :** जी, नहीं। हालांकि, गुणवत्ता, उत्पादकता, दक्षता में सुधार तथा उत्पादन के दौरान सामग्रियों की बर्बादी को कम करने के लिए, वस्त्र आयुक्त, वस्त्र मंत्रालय के तहत पावरलूम सर्विस सेंटर, कम शुल्क पर यार्न और फैब्रिक टेस्टिंग सुविधा, प्रशिक्षण, तकनीकी परामर्श/समस्या समाधान उपलब्ध कराकर मालेगांव क्लस्टर में वस्त्र उद्योगों को सहायता प्रदान करता है।

*****

**अनुबंध - I**

**दिनांक 03.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1254 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्रम सं. | जिला | औद्योगिक क्लस्टर का नाम | अनुमोदन की तारीख | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपए में) | भारत सरकार का अनुमोदित अनुदान (करोड़ रुपए में) | भारत सरकार द्वारा जारी किया गया अनुदान (करोड़ रुपए में) | पूरा होने की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुणे | ऑटो घटक क्लस्टर, पुणे, महाराष्ट्र | 06-09-2004 | 59.99 | 44.99 | 44.54 | 03-03-2008 |
| 2 | कोल्हापुर | वस्त्र क्लस्टर, इचलकरंजी, महाराष्ट्र | 14-03-2005 | 68.49 | 33.25 | 32.91 | 04-07-2011 |
| 3 | नासिक | इंजीनियरिंग क्लस्टर, नासिक, महाराष्ट्र | 24-03-2008 | 67.26 | 42.88 | 42.45 | 12-04-2013 |
| 4 | औरंगाबाद | मराठवाड़ा ऑटोमोबाइल क्लस्टर, महाराष्ट्र | 31-05-2010 | 82.55 | 60.00 | 58.20 | 31-03-2016 |
| 5 | कोल्हापुर | कोल्हापुर फाउंड्री क्लस्टर, महाराष्ट्र | 31-01-2012 | 44.90 | 32.59 | 31.62 | 31-03-2016 |

*****